हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 30 अप्रैल 2026

06 जिन्होंने सदियों गुलाम बनाया, अब वो डर रहे हैं बरखेड़ा...



09 पचोर में ट्रक-पिकअप की भिड़ंत, 2 महिलाओं...





## खबर संक्षेप

### 23 मई तक बढ़ाई गई गेहूं उपार्जन व स्लॉट बुकिंग की अवधि

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार किसानों की सुविधा के लिए समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन एवं स्लॉट बुकिंग की अवधि बढ़ाकर 23 मई कर दी गई है। पहले यह तिथि 9 मई तक निर्धारित थी जिसे बढ़ाकर अब 23 मई कर दिया गया है। इसके साथ ही प्रत्येक उपार्जन केन्द्र पर न्यूनतम 6 तौल कांटों का प्रावधान पोर्टल पर किया गया है एवं उससे अधिक तौल कांटे रखने की सुविधा जिलों को दी गई है।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को मिला बहुउपयोगी वाहन

**सीहोर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पूरे प्रदेश में बहुउपयोगी वाहन प्रदान किये गये है, जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर को भी वाहन प्राप्त हुआ है। इस वाहन के माध्यम से दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में विधिक साक्षरता कार्यक्रमों एवं विधिक सेवा गतिविधियों के संचालन में और अधिक गति एवं सुगमता प्राप्त होगी एवं विधिक सेवा योजनाओं का क्रियान्वयन अधिक सरलता से संपादित किया जा सकेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वाहन के लिए 1 वाहन चालक तथा लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए 1 कार्यालय भृत्य की संविदा आधार पर नियुक्ती किए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अभ्यर्थी 30 अप्रैल शाम 5:30 बजे तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### शहर की सड़कों, चौराहों और बिजली के खंभों पर लगे होर्डिंग्स और पोस्टर अब अभियान चलाकर हटाए जाएंगे

# 'फ्लेक्सी सीहोर' शहर का दाग मिटाने उतरे नपा अध्यक्ष, खुद का पोस्टर उखाड़कर पेश की नजीर

1 मई से 30 जून तक चलेगा फ्लेक्स मुक्त अभियान, बोले प्रिंस राठौर- होर्डिंग्स से नहीं, स्वच्छता से बनेगी पहचान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

खबर पर अमल

सालों से 'फ्लेक्सी सीहोर' के तमगे से बदनाम हो रहे शहर की सूरत बदलने की जंग अब खुद नगर पालिका अध्यक्ष ने छेड़ दी है। नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद सबसे पहले अपने ही बैनर-पोस्टर और कटआउट उखड़वाकर अफसरों-नेताओं को बड़ा संदेश दे दिया। 1 मई से 30 जून तक शहर को फ्लेक्स मुक्त बनाने का महाअभियान चलेगा।

हरिभूमि ने 16 अप्रैल को बदरंग होता फ्लेक्सी सीहोर, सरकारी संपत्तियों पर अवैध कब्जा, नियमों की उड़ रही धज्जियां शीर्षक से खबर प्रकाशित कर नपा का ध्यान इस ओर आकर्षित किया था। उसी खबर पर अमल करते हुए नपा अध्यक्ष ने शहर हित में निर्णय लेते हुए अवैध होर्डिंग का अभियान शुरू किया है।

शहर की सड़कों, चौराहों और डिवाइडरों पर नेताओं के बड़े-बड़े होर्डिंग्स के कारण सीहोर की पहचान 'फ्लेक्सी सीहोर' के रूप में बन गई थी। ये फ्लेक्स न केवल शहर की सुंदरता पर बदनुमा दाग थे, बल्कि वाहन चालकों का ध्यान भटकाकर दुर्घटनाओं का कारण भी बन रहे थे। अब इस कलंक को धोने की मुहिम तेज हो गई है।



हरिभूमि में प्रकाशित इस खबर के बाद नपा ने लिया संज्ञान



विज्ञापन के मोह में सरकारी दफ्तर, स्कूल और बिजली के खंभे भी नहीं छोड़े, जिम्मेदारों ने मूंदी आंखें

बदरंग होता 'फ्लेक्सी सीहोर', सरकारी संपत्तियों पर अवैध कब्जा, नियमों की उड़ रही धज्जियां!

सेहत और पर्यावरण के लिए 'धीमा जहर' है पीवीसी फ्लेक्स, नपा की कार्रवाई सिर्फ हटाने तक सीमित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय इन दिनों 'फ्लेक्सी सीहोर' के रूप में नजर आने लगा है। शहर की सरकारी इमारतों, स्कूलों की बाउंड्री वॉल्स, बिजली के खंभों और यहां तक कि सरकारी दफ्तरों की दीवारों पर धड़ल्ले से प्रचार वाले फ्लेक्स टांगे जा रहे हैं। शासकीय संपत्ति विरूपण अधिनियम की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, लेकिन प्रशासन की चुप्पी ने फ्लैक्स लगाने वालों के हौसले बुलंद कर दिए हैं।

बता दें शहर के पुराने भोपाल-इंदौर हाईवे से लेकर भोपाल नाका, इंग्लिशपुरा, बड़ा बाजार, लिसा टॉकीज चौराहा, तहसील चौराहा, गणेश मंदिर रोड और मंडी क्षेत्र तक, ऐसा कोई कोना नहीं बचा जहां फ्लेक्स न लगे हों। राजनीतिक दलों के नेताओं की बधाई हो, कोचिंग संस्थानों के विज्ञापन हों या निजी कार्यक्रमों के प्रचार, इन सभी ने सरकारी संपत्तियों को अपना निजी होर्डिंग बोर्ड समझ लिया है। स्कूलों की दीवारों और बिजली के पोल पर लगे ये फ्लेक्स न केवल शहर की सुंदरता बिगाड़ रहे हैं, बल्कि हादसों को भी न्योता दे रहे हैं।

नियम सख्त, पर अमल नदारद

मध्यप्रदेश संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 के तहत किसी भी शासकीय संपत्ति पर बिना अनुमति पोस्टर, बैनर या फ्लेक्स लगाना दंडनीय अपराध है। नियमों के मुताबिक उल्लंघन करने वाले को 6 महीने तक की जेल हो सकती है। भारी जुर्माने का भी प्रावधान है। इसके बावजूद शहर में आज तक किसी बड़ी संस्था या व्यक्ति पर ऐसी सख्त कार्रवाई नहीं देखी गई।

सिर्फ हटाने से नहीं चलेगा काम जुर्माना जरूरी

शहरवासियों का कहना है कि नगर पालिका की टीम आती है और फ्लेक्स फाड़कर ले जाती है, लेकिन अगले ही दिन वहां नए फ्लेक्स टंग जाते हैं। जनता की मांग है कि जिस व्यक्ति या संस्था का नाम फ्लेक्स पर लिखा है, सीधे उन पर एफआईआर दर्ज हो और भारी जुर्माना वसूला जाए। जब तक जेब पर असर नहीं पड़ेगा, तब तक शहर को विरूपित करने का यह सिलसिला नहीं थमेगा।

सावधान! सेहत का दुश्मन है यह फ्लेक्स

100 साल तक नहीं गलता: ज्यादातर फ्लेक्स पीवीसी (पॉली विनाइल क्लोराइड) से बने होते हैं। यह एक प्रकार का सिंगल यूज प्लास्टिक है जो जमीन में दबने पर 500 साल तक वैसा ही पड़ा रहता है।
जलाया तो कैंसर का खतरा: पुराने फ्लेक्स को अक्सर कचरे में जला दिया जाता है। इससे निकलने वाली डाइऑक्सिन और फ्यूरान जैसी गैसें हवा को जहरीली बनाती हैं, जिससे सांस की बीमारी और कैंसर का खतरा बढ़ता है।
पानी को कर रहा जहरीला: इसकी प्रिंटिंग में इस्तेमाल होने वाली सॉल्वेंट इंक में हेवी मेटल होते हैं। बारिश के पानी के साथ ये केमिकल घुलकर जमीन के अंदर चले जाते हैं, जिससे भूजल दूषित हो रहा है।
बेजुबानों के लिए काल: सड़कों और नालियों में पड़े फ्लेक्स को जब गाय या अन्य जानवर खाते हैं तो यह उनकी आंतों में फंस जाता है, जिससे उनकी दर्दनाक मौत हो जाती है। इसके अलावा ये ड्रेनेज सिस्टम को जाम कर जलभराव की समस्या भी पैदा करते हैं।

मुहिम जल्द शुरू होगी

समय-समय पर अभियान चलाकर अवैध फ्लेक्स हटाए जाते है। हम जल्द ही एक बड़ी मुहिम शुरू करने जा रहे है। इस बार सिर्फ फ्लेक्स हटाए नहीं जाएंगे, बल्कि संबंधित दोषियों पर चालानी कार्रवाई भी की जाएगी।
सुधीर सिंह, सीएमओ नगर पालिका सीहोर



### टॉप-5 का टारगेट, पिछले साल मिला था 6वां स्थान

गौरतलब है कि पिछले स्वच्छता सर्वेक्षण में सीहोर ने राष्ट्रीय स्तर पर 6वां स्थान और प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया था। नपाध्यक्ष ने बताया, इस वर्ष हमारा लक्ष्य देश के टॉप-5 स्वच्छ शहरों में जगह बनाना है। इसके लिए डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन और गीला-सूखा कचरा अलग करना शत-प्रतिशत किया जाएगा। गीले कचरे से खाद, सूखे कचरे का पुनर्चक्रण, नालों की नियमित सफाई, सीवरेज ट्रीटमेंट और प्रमुख स्थलों के सौंदर्यीकरण पर विशेष जोर रहेगा। पीसी के दौरान पार्षद विजेंद्र परमार, राजेश माझी, दिनेश कुशवाहा, कमलेश कुशवाहा सहित अन्य जनप्रतिनिधि और मीडियाकर्मी मौजूद रहे। नगरपालिका ने शहरवासियों से स्वच्छता को आदत बनाने की अपील की है।

**प्रेस कॉन्फ्रेंस में ऐलान, खत्म होते ही एक्शन :** बुधवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने ऐलान किया कि 1 मई से 30 जून तक फ्लेक्स, बैनर और पोस्टर हटाने का विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने संकल्प लिया कि अपने जन्मदिन पर भी वे शहर में कोई होर्डिंग या स्वागत द्वार नहीं लगवाएंगे।

### घोषणा के बाद तुरंत दिखा असर

घोषणा के तुरंत बाद असर दिखा। प्रेस कॉन्फ्रेंस खत्म होते ही नगरपालिका की टीम एक्शन में आई और सबसे पहले नपाध्यक्ष के ही पोस्टर हटाने शुरू कर दिए गए। सड़कों और सार्वजनिक स्थानों से अवैध फ्लेक्स हटाकर शहर को 'फ्लेक्सी' से 'स्वच्छ' बनाने का काम शुरू हो गया।

### यह सिर्फ सफाई नहीं, सुरक्षा का सवाल:नपाध्यक्ष

प्रिंस राठौर ने कहा यह अभियान केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि शहर की सुरक्षा से भी जुड़ा है। सड़क किनारे लगे होर्डिंग्स वाहन चालकों का ध्यान भटकाते हैं, जिससे दुर्घटनाएं होती हैं। 'फ्लेक्सी सीहोर' की पहचान मिटाकर हमें स्वच्छ सीहोर बनाना है। उन्होंने अन्य जनप्रतिनिधियों और नागरिकों से भी मुहिम से जुड़ने की अपील की।

# बिजली विभाग की लापरवाही से शेखपुरा के किसान को दो दिन में दोहरा झटका, 25 लाख का नुकसान

### चिंगारी से खेत में लगी आगः दो ट्रैक्टर, आर्मेचर, भूसा खाक, बेटा झुलसा, मुआवजा नहीं



**ग्रामीणों की यह मांग**

- बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।
- पीड़ित किसान राम सिंह गौर को तत्काल 25 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाए।
- गांव से गुजर रही जर्जर बिजली लाइनों को तुरंत बदला जाए।
- घायल बेटे के इलाज का खर्च प्रशासन उठाए।

**सीहोर।** बिजली विभाग की गंभीर लापरवाही के चलते ग्राम शेखपुरा के किसान राम सिंह गौर को दो दिन में दो बार आग का कहर झेलना पड़ा। बिजली लाइन से निकली चिंगारी ने खेत में खड़े दो ट्रैक्टर, आर्मेचर और पूरे भूसे को जलाकर राख कर दिया। किसान को लगभग 25 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। आग बुझाने में किसान के बड़े बेटे के हाथ-पैर झुलस गए। दो घटनाओं के बाद भी न बिजली विभाग ने कार्रवाई की और न प्रशासन ने मुआवजा दिया।

### 27 अप्रैलः पहली आग में सब कुछ खाक

दिनांक 27 अप्रैल 2026 को किसान राम सिंह गौर के खेत में बिजली लाइन से निकली चिंगारी से अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने खेत में खड़े दो ट्रैक्टर, आर्मेचर एवं अन्य कृषि उपकरणों को चपेट में ले लिया। पूरा सामान जलकर नष्ट हो गया, जिससे किसान को लगभग 25 लाख रुपये का नुकसान हुआ।

### विभाग नहीं जागा, 29 अप्रैल को फिर लगी आग

पहली घटना के बाद भी बिजली विभाग द्वारा लाइन की मरम्मत या कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। नतीजा, 29 अप्रैल 2026 को राम सिंह गौर के खेत में दोबारा आग लग गई। इस बार उनका पूरा भूसा जलकर राख हो गया।

**बेटा हुआ घायल, इलाज जारी :** दोनों बार आग बुझाने के प्रयास में किसान राम सिंह गौर के बड़े बेटे के हाथ और पैर झुलस गए। परिजन निजी अस्पताल में इलाज करा रहे हैं।

### प्रशासन-मुआवजा नदारद, ग्रामीणों में आक्रोश

लगातार दो घटनाओं के बावजूद अभी तक प्रशासन और बिजली विभाग की ओर से पीड़ित किसान को कोई राहत या मुआवजा नहीं दिया गया है। घटना से गांव में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। फिलहाल बिजली विभाग के अधिकारी जांच की बात कह रहे हैं। तहसीलदार से संपर्क नहीं हो पाया।

# कुबेरेश्वरधाम पर प्राण-प्रतिष्ठा के बाद श्रद्धालुओं के लिए खुला मंदिर, भगवान के दर्शन को पहुंचे हजारों श्रद्धालुजन

### चारों युगों का दर्शन एक ही मंदिर में वह है कुबेरेश्वरधाम पर मुरली मनोहर मंदिर







**सीहोर।** बुधवार को जिला मुख्यालय के समीपस्थ प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम सिद्धपीठ में स्थित काठमांडू शैली में नवनिर्मित भगवान मुरली मनोहर में स्थित भगवान शिव-पार्वती, भगवान राम-सीता और भगवान मुरली मनोहर की एक साथ प्राण प्रतिष्ठा के बाद भगवान का दरबार अब श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। प्राण प्रतिष्ठा के बाद की शाम को प्रभु के दर्शन के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में उमड़े, हजारों की संख्या में भगवान के दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालु अपने आराध्य के दर्शन को आतुर दिखाई दिए मंदिर और भगवान के दर्शन के लिए मुंबई, दिल्ली समेत भारत के कई राज्यों से लोग धाम पर पहुंचे थे। सुबह अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया था। स्वयं पंडित श्री मिश्रा गत 25 अपै्रल से बुधवार तक मंदिर में पूरे पूजन में शामिल रहे, पूजन की एक-एक प्रक्रिया का विधिवत अर्चन किया। स्वर्ण आभूषणों से सुसज्जित भगवान की मूर्ति आकर्षित करने वाली थी।

इस मौके पर हजारों श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए पंडित श्री मिश्रा ने कहाकि धाम की पावन भूमि जहाँ विराज मान है सिद्ध पीठ श्री कुबरेश्वर धाम मुरली मनोहर मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का सादगी और आस्था के साथ समापन किया गया है। पूरे भारत की भूमि का मात्र एक ऐसा स्थान कुबरेश्वर धाम जो बारह ज्योतिर्लिंग के मध्य है यहां आने वाले शिव भक्त कंकर शंकर की पूजन करके भगवान देव महादेव की अनुपम कृपा प्राप्त करते है उसी पवित्र भूमि पर मुरली मनहोर मंदिर एक ऐसा मंदिर जहां सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग का एक साथ दर्शन इस कलियुग में केवल एक ही जगह पर होगा वो हे श्री कुबरेश्वर धाम इस बाबा कुबेर भण्डारी की पवित्र भूमि पर मुरली मनोहर मंदिर के कपाट सभी शिव भक्ति के लिए अब खुले रहेगे। बुधवार को सुबह अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में सवा लाख से अधिक वैदिक मंत्रों में बड़ी संख्या में विप्रजनों की उपस्थिति में पंडित समीर शुक्ला, पंडित विनय मिश्रा सहित समिति की ओर से यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया। वहीं दोपहर में शीतल पेयजल आदि निशुल्क रूप से वितरण किया गया।

**भक्तों के लिए नियमित रूप से होंगे भगवान के दर्शन :** विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि कुबेरेश्वरधाम बुधवार को प्राण-प्रतिष्ठा के पश्चात भारत यह अपने आप में ऐसा विशिष्ट मंदिर हैं जहां चारों युगों सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलियुग के प्रतीक, देवता या अवतार एक साथ दर्शन देते हैं।

### बजरंग दल ने पकड़ा कोलकाता से आया ट्रक, प्रदूषण और अवैध कार्यों का अड्डा बनी फैक्ट्री

# सीहोर का दूसरा 'असलम' बना फैक्ट्री मालिक आशीष गोयल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भोपाल के कुख्यात असलम चमड़ा कांड के बाद अब सीहोर के काकरखेड़ा स्थित अल्फा प्रोटीन फैक्ट्री में गौवंश का चमड़ा मिलने का मामला गरमा गया है। इस घटना को लेकर शहर में भारी आक्रोश व्याप्त है। अब तक इस मामले में विहिप और बजरंग दल उग्र थी, लेकिन विरोध की इस कड़ी में अब मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस भी जुड़ गई है। बुधवार को कांग्रेस ने कोतवाली चौराहे पर फैक्ट्री मालिक आशीष का पुतला फूंककर उसकी तुलना भोपाल के असलम चमड़े से कर दी है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कोतवाली चौराहे पर जबरदस्त प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने भाजपा सरकार शर्म करो, गौ माता के दलालों को गोली मारो और आशीष चमड़ा मुर्दाबाद जैसे नारे लगाए।



राजीव गुजराती ने कहा कि भोपाल के बाद यह प्रदेश का दूसरा बड़ा कांड है। उन्होंने आरोप लगाया कि फैक्ट्री मालिक आशीष और असलम में कोई फर्क नहीं है। दो दिन बीत जाने के बाद भी अब तक प्रशासन ने ठोस कार्रवाई नहीं की है जो सरकार की मंशा पर सवाल उठाती है।

### बजरंग दल ने पकड़ा कोलकाता से आया ट्रक

बता दें मामले की शुरुआत सोमवार को हुई जब बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एक संदिग्ध ट्रक का पीछा कर उसे सैकड़ाखेड़ी चौराहे पर रोका। जांच करने पर ट्रक में भारी मात्रा में गाय और भैंस का चमड़ा मिला। ट्रक ड्राइवर ने स्वीकार किया कि वह यह माल कोलकाता से लेकर आया है और पहले भी कई बार अल्फा प्रोटीन फैक्ट्री में माल सप्लाई कर चुका है।

### प्रबंधन और मालिक पर एफआईआर दर्ज की जाए

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि अल्फा प्रोटीन फैक्ट्री में लंबे समय से नियमों को ताक पर रखकर अवैध कार्य किए जा रहे हैं। फैक्ट्री से फैल रहे प्रदूषण ने आसपास के ग्रामीणों का जीना मुहाल कर दिया है। जिलाध्यक्ष ने मांग की है कि फैक्ट्री के प्रबंधन और मालिक पर तुरंत एफआईआर दर्ज की जाए और जांच पूरी होने तक फैक्ट्री को पूरी तरह सील किया जाए।

### चलती ट्रैक्टर-ट्रॉली में लगी आगः धान की पराली से भरी थी गाड़ी, ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान



**सीहोर।** बुधनी स्थित देवगांव के पास नेशनल हाईवे पर एक चलती ट्रैक्टर-ट्रॉली में भीषण आग लग गई। ट्रॉली में धान की पराली भरी हुई थी, जो अज्ञात कारणों से धू-धू कर जलने लगी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरी ट्रॉली जलकर खाक हो गई।

आग का अहसास होते ही ड्राइवर ने चलती ट्रैक्टर-ट्रॉली से छलांग लगाकर अपनी जान बचाई। सूचना मिलने पर दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस घटना से हाईवे पर कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ और राहगीरों में हड़कंप मच गया।

**ओवरलोड ट्रॉलियों के कारण हो रहे हादसें :** बुधनी और आसपास के इलाकों में इन दिनों धान की कटाई के बाद पराली का परिवहन बड़े पैमाने पर हो रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि ट्रॉलियों में क्षमता से अधिक पराली भरी जा रही है, जिससे उनकी ऊंचाई काफी बढ़ जाती है। इस ओवरलोडिंग के कारण सड़कों के ऊपर से गुजरने वाले बिजली के तारों से घर्षण या शॉर्ट सर्किट का खतरा बना रहता है। साथ ही, पराली को तिरपाल से ढका नहीं जाता और न ही अग्नि सुरक्षा के कोई इंतजाम किए जाते हैं।

## खबर संक्षेप

### कृष्णा ब्लास्टर ने गणेश टायर को तीन विकेट से हराया

**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर विमला देवी स्मृति में जारी क्रिकेट प्रतियोगिता में मंगलवार को एक रोमांचक मैच खेला गया। इस मैच में कृष्णा ब्लास्टर की टीम ने गणेश टायर को तीन विकेट से हराया। कृष्णा की ओर से अंश यादव ने 51 रन और युरेश भारती ने 50 रन की शानदार पारियां खेली। इस मौके पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी, कोषाध्यक्ष वीरु वर्मा, आयोजनकर्ता आदर्श राय, अतुल त्रिवेदी आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि पहले बल्लेबाजी करने उतरी गणेश टायर की टीम ने 36.2 ओवर में दस विकेट खोकर 215 रन बनाए थे। इसमें अतुल त्रिवेदी ने 25 गेंद पर 46 रन, पूर्वेश ने 27 रन, आदित्य अग्रवाल ने 22 रन, राज कुशवाहा ने 36 रन, सहज ने 33 रन की पारी खेली। इधर कृष्णा ब्लास्टर की ओर से गेंदबाजी करते हुए अंश यादव-वरुण शुक्ला ने तीन-तीन विकेट, लक्की प्रजापति ने दो विकेट और यामनी-अंशुल ने एक-एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कृष्णा ब्लास्टर की टीम ने सात विकेट खोकर 33.3 ओवर में यह मैच जीता। इसमें अंशुल ने 23 रन, अंश यादव ने 51 रन, युरेश भारती ने 50 रन, उज्जवल ने 27 रन और वरुण शुक्ला ने 15 रन की पारी खेली। वहीं गणेश टायर की ओर से अनुज, अतुल त्रिवेदी, नमन, दीपेश सेन ने एक-एक विकेट हासिल किया।

### तोसिफ सईद पटेल बने प्रदेश उपाध्यक्ष



**सीहोर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार संगठन प्रभारी महासचिव डॉ. संजय कामले की सहमति से प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष विवेक सिंह तोमर एवं सीहोर जीला कांग्रेस अध्यक्ष रजिव गुजराती द्वारा जनसमस्या निवारण प्रकोष्ठ में उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव की नियुक्तियाँ की गई है। जिसके तहत युवा कांग्रेस नेता तोसिफ सईद पटेल को जनसस्या प्रकोष्ठ का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

### 1188 बच्चों का टीकाकरण

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं एवं अनेक स्थानों पर शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है।

## घोड़ी पर नहीं बैठने देने वालों को गधे पर बैठाएंगे, आधी रात तक गूंजे जय भीम के नारे

# जिन्होंने सदियों गुलाम बनाया, अब वो डर रहे हैं बरखेड़ा कुर्मी में गरजे एएसपी नेता दामोदर यादव

दलित दूल्हों को घोड़ी पर चढ़ने से रोकने की घटनाओं पर कटाक्ष करते हुए यादव बोले जो लोग आज दलितों को घोड़ी पर नहीं चढ़ने दे रहे, समय आने पर उन्हें करारा जवाब दिया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर





ग्राम बरखेड़ा कुर्मी में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित जनसभा में आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य दामोदर यादव ने विरोधियों पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जिन्होंने सदियों तक गुलाम बनाया, अब वे डर रहे हैं और यह डर अच्छा है। रात 11 बजे से 1 बजे तक चले संबोधन में यादव ने सामाजिक न्याय और सत्ता में भागीदारी की हुंकार भरी।

**बुंदेली लहजे में साधा निशानाः** दामोदर यादव ने अपने भाषण की शुरुआत स्थानीय बुंदेली/मालवी लहजे के शब्दों से की। 'ठटरी' और 'बार देना' जैसे शब्दों का अर्थ समझाते हुए कहा, जो लोग हमारी यात्रा और विचारधारा को रोकने के लिए राष्ट्रपति और सुप्रीम कोर्ट तक चिट्ठियां लिख रहे हैं, वे दरअसल इस जागृति से डरे हुए हैं।

**अब बनेंगे इस देश के मालिक और शासक :** यादव ने कहा कि जिस दिन पिछड़ा वर्ग और दलित वर्ग एक होकर खड़ा हो गया, उस दिन इस देश की राजनीतिक तस्वीर बदल जाएगी। उन्होंने आह्वान किया, जिन्हें सदियों तक गुलाम बनाया गया, अब वे इस देश के मालिक और शासक बनेंगे।

### घोड़ी विवाद पर करारा जवाब

दलित दूल्हों को घोड़ी पर चढ़ने से रोकने की घटनाओं पर कटाक्ष करते हुए यादव बोले जो लोग आज दलितों को घोड़ी पर नहीं चढ़ने दे रहे, समय आने पर उन्हें करारा जवाब दिया जाएगा। उन्हें गधे पर बैठाने का काम करेंगे।

**वोट की कीमत समझने की अपील :** उन्होंने बाबा साहेब के संघर्ष और उनके बच्चों के बलिदान को याद दिलाते हुए ग्रामीणों से अपने वोट की ताकत पहचानने की अपील की। कहा कि बाबा साहेब ने जो अधिकार दिए हैं, उनकी रक्षा के लिए सत्ता में भागीदारी जरूरी है।


### सीहोर में बढ़ रही एएसपी की सक्रियता

उल्लेखनीय है कि सीहोर जिले में आजाद समाज पार्टी लगातार अपनी पैठ बढ़ाने की कोशिश कर रही है। दामोदर यादव के इस आक्रामक तेवर को आने वाले स्थानीय निकाय और विधानसभा चुनावों की तैयारी के रूप में देखा जा रहा है।

### आधी रात तक डटे रहे ग्रामीण

बरखेड़ा कुर्मी में भीम युवा संगठन और आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे। रात अधिक होने के बावजूद दामोदर यादव को सुनने के लिए आसपास के गांवों से भी लोग पहुंचे थे। पूरा कार्यक्रम स्थल 'जय भीम' के नारों से गूंजता रहा।

## फोन-पे हैक कर 1.96 लाख उड़ाए, शादी रुकी




**सीहोर।** फोन-पे नंबर को 11 अप्रैल की सुबह हैक कर लिया गया। सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच साइबर ठगों ने अलग-अलग नंबर से पैसे निकाले।

11 अप्रैल को सुबह 11.07 बजे 75 हजार रुपए निकाले गए। 11.09 से 11.59 के बीच पांच बार में एक-एक हजार रुपए निकाले गए। दोपहर 12.02 बजे 9 हजार रुपए निकाले गए। 12 अप्रैल को 12.08 बजे 98 हजार रुपए निकाले गए। कुल 1 लाख 96 हजार रुपए धोखाधड़ी से निकल गए। यह कहानी किसी फिल्म की नहीं असल जिंदगी की है।

वार्ड -22 की इंद्रा कॉलोनी गल्ला मंडी निवासी कांता प्रसाद की है। जिन्होंने मंगलवार को जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कराई। कांता ने बताया, यह रकम बेटे-बेटी की इसी साल होने वाली शादी के लिए बैंक में जमा की थी। आखातीज पर शादी तय थी। पैसे निकलने के बाद शादी रुक गई। उन्होंने साइबर ब्रांच, थाना कोतवाली, हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। रावतखेड़ा में आईडी पैकेज से नाम बाहर श्यामपुर तहसील के रावतखेड़ा के कई ग्रामीणों की जमीन पार्वती नदी पर बनी पार्वती रेसई डेम परियोजना के डूब क्षेत्र में चली गई। ग्रामीणों को मुआवजा मिला लेकिन कई छूट गए। विजय जाटव ने बताया, उसका और उसकी छोटी बहन पप्पी बाई का नाम आईडी पैकेज में नहीं जोड़ा गया।

विजय ने बताया, गांव का सर्वे पूर्व पटवारी और एसडीएम, तहसीलदार ने किया था। शासन के निर्देश के मुताबिक डूब क्षेत्र में आने वाले 18 साल से ऊपर के सभी परिवारों को आईडी पैकेज में जोड़कर सहायता राशि और प्लॉट दिए गए। उसका और उसकी बहन का नाम पैकेज से बाहर कर दिया गया। विजय ने बताया, जानकारी मिलने के बाद उसने 4 अक्टूबर 2024 को एसडीएम और पटवारी को लिखित आवेदन दिया था। कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस दौरान 45 आवेदकों ने आवेदन दिए।

# उपार्जन केंद्रों पर कट का खेलः सैंपल के नाम 5 किलो वसूली, तुलाई में 10 किलो तक सेंध

### नियम 500 ग्राम का, रोजाना क्विंटल गेहूं का गबन, आधी रात तक खरीदी, फटे बारदाने से भंडारण पर खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी व्यवस्था में बड़ा घोटाला सामने आया है। भैरूंदा के उपार्जन केंद्रों पर सैंपल और तुलाई के नाम पर किसानों के अनाज में खुलेआम सेंध लगाई जा रही है। नियम 500 ग्राम सैंपल का है, लेकिन वसूली 4-5 किलो तक हो रही है। तुलाई में भी 5-10 किलो कटौती की जा रही है। रोजाना क्विंटलों गेहूं के गबन का आरोप है।

### 500 ग्राम की जगह 5 किलो सैंपल

नियमानुसार प्रत्येक ट्रॉली से अधिकतम 500 ग्राम गेहूं सैंपल के रूप में लिया जाना है, जिसे जांच के बाद वापस करना अनिवार्य है। लेकिन किसानों का आरोप है कि केंद्रों पर तैनात सर्वेयर 4 से 5 किलो तक गेहूं सैंपल के नाम पर जबरन वसूल रहे हैं। यह वापस भी नहीं किया जा रहा।

### तुलाई में भी 'कटौती' का खेल

किसानों के अनुसार हम्मालों द्वारा प्रति ट्रॉली 5 से 10 किलो गेहूं अलग से निकाल लिया जाता है। औसतन एक केंद्र पर रोज 10 किसानों से कटौती हो तो प्रतिदिन 1 से 2 क्विंटल गेहूं की अवैध वसूली हो रही है। पूरे सीजन में यह आंकड़ा सैकड़ों क्विंटल तक पहुंच सकता है।

### रोजाना 2-3 बोरे गेहूं बाहर

सूत्रों के मुताबिक सैंपल के नाम पर प्रतिदिन 2 से 3 बोरे गेहूं अलग निकालकर वेयरहाउस से बाहर किया जा रहा है। कई किसानों ने वीडियो-फोटो होने का दावा किया है, जिसमें अधिक मात्रा में गेहूं अलग करते लोग दिख रहे हैं। यदि दावे सही हैं तो यह संगठित गबन का मामला है।

### फटे बारदाने से भंडारण पर खतरा



भंडारण में भी गंभीर लापरवाही है। किसानों का आरोप है कि एक बंडल में 50 में से करीब 20 बारदान फटे या अनुपयोगी निकल रहे हैं। नए की जगह पुराने-खराब बारदान खपाए जा रहे हैं, जिससे गेहूं की गुणवत्ता और सुरक्षा दोनों पर खतरा है।

### आधी रात तक खरीदी, अफसर नदारद

खरीदी केंद्रों पर नियमों की खुलेआम अनदेखी हो रही है। किसानों ने आरोप लगाया कि स्लॉट बुकिंग के बिना ही खरीदी की जा रही है और देर रात तक तुलाई जारी रहती है। 27 अप्रैल को एसपीएम केंद्र पर रात 9 बजे के बाद भी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी कतारें थीं, लेकिन मौके पर न समिति प्रबंधक थे, न सर्वेयर और न वेयरहाउसिंग अधिकारी। पूरी व्यवस्था मजदूरों और वेयरहाउस संचालकों के भरोसे थी।



**भैरुंदा।** रात के 9बजे के बाद तक गेहूं की खरीद जारी



**भैरुंदा।** पुराने वारदान का उपयोग करते हुए

### छुट्टी में भी खुल रहे गोदाम

सूत्र बताते हैं कि अवकाश के दिनों में भी गोदाम खोलकर बड़े कांटों से तुलाई की जा रही है। सवाल उठ रहा है कि गोदाम की चाबी किसके निर्देश पर दी जा रही है और क्या यह जिम्मेदार अधिकारियों की जानकारी में हो रहा है।

**पहले भी पकड़ी गई थी गड़बड़ी :** क्षेत्र के ओम साईं वेयरहाउस में पूर्व में जांच के दौरान निर्धारित क्षमता से करीब 1200 क्विंटल अधिक गेहूं का भंडारण मिलने पर प्रशासन ने गोदाम सील कर संचालक और समिति प्रबंधक को नोटिस जारी किया था।

इस पूरे मामले पर एसडीएम सुधीर कुशवाह का कहना है कि उपार्जन केंद्रों पर दल द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है और सुचारू रूप से खरीदी प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की गड़बड़ी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।


### सबसे बड़ा सवाल—किसके संरक्षण में खेल?

लगातार शिकायतों के बीच सवाल यही है कि यह पूरा खेल किसके संरक्षण में चल रहा है। जब जिम्मेदार अधिकारी मौके से नदारद रहते हैं, तो जवाबदेही किसकी तय होगी?
किसानों और स्थानीय लोगों ने पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। चेतावनी दी है कि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो समर्थन मूल्य खरीदी व्यवस्था से किसानों का भरोसा उठ जाएगा और क्षेत्र में बड़ा आंदोलन खड़ा हो सकता है।

## बिना अनुमति तेज आवाज में बज रहे थे डीजे, पुलिस की सख्ती से मचा हड़कंप

# आधी रात पुलिस का एक्शनः तेज ध्वनि में बज रहे 2 डीजे जब्त, संचालकों पर केस दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा







नगर में देर रात तेज आवाज में डीजे बजाकर नियमों की धज्जियां उड़ाने वालों पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। मंगलवार देर रात सीहोर रोड पर पुलिस टीम ने छापामार कार्रवाई करते हुए दो डीजे वाहनों को जब्त कर उनके संचालकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। कार्रवाई से डीजे संचालकों और आयोजकों में हड़कंप की स्थिति बन गई।

जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला द्वारा जिलेभर में अवैध गतिविधियों, विशेष रूप से तेज ध्वनि में बजने वाले डीजे पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसी के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुनीता रावत एवं एसडीओपी भैरुंदा के मार्गदर्शन में पुलिस ने यह कार्रवाई की।

भैरुंदा पुलिस को सूचना मिली थी कि सीहोर रोड पर देर रात बिना अनुमति के तेज ध्वनि में डीजे बजाए जा रहे हैं। सूचना पर तत्परता दिखाते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच की। इस दौरान वाहन क्रमांक MP 13 GA 6736 पर लगे डीजे सेटअप को संचालित करते हुए एक व्यक्ति मिला, जिसने पूछताछ में अपना नाम गोलु पिता रमेश चंद्र अटेरिया, निवासी बालागांव बताया। वहीं, दूसरे वाहन क्रमांक MP 04 ZK 5193 पर डीजे चला रहे संचालक ने अपना नाम महेंद्र चौहान पिता अनैक सिंह चौहान, निवासी ग्राम रेहटी बताया। दोनों संचालकों से डीजे संचालन के लिए वैध अनुमति और आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया, लेकिन वे कोई अनुमति नहीं दिखा सके। साथ ही मौके पर अत्यधिक तेज ध्वनि में डीजे बजते पाए गए, जिससे क्षेत्र में ध्वनि प्रदूषण की स्थिति बन रही थी।

इस पर पुलिस ने मध्य प्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम की धारा 7/15 के तहत कार्रवाई करते हुए दोनों डीजे वाहनों को जब्त कर लिया और संचालकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सार्वजनिक स्थानों पर बिना अनुमति तेज ध्वनि में डीजे बजाना कानूनन अपराध है और इस तरह की गतिविधियों पर लगातार सख्त नजर रखी जा रही है।

### लगातार जारी रहेगी कार्रवाई

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। खासकर रात के समय ध्वनि प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

इस कार्रवाई में प्रधान आरक्षक राममनोहर, आरक्षक सतेंद्र, जितेंद्र, विपिन एवं आशीष की अहम भूमिका रही, जिनकी तत्परता और सजगता से यह कार्रवाई सफल हो सकी।

# जिस घर में कन्या का जन्म होता, वही माता-पिता भाग्यशाली : पं.मोहितराम




**सीहोर।** पुत्र के जन्म से पिता को थोड़ा ही पुण्य मिलता है किंतु जिस घर में जितनी अधिक बेटियां होती है वहां घर और पिता उतना ही भाग्यशाली होता है उक्त उद्गार ग्राम बड़ी कुलास वर्मा कृषि फार्म सीहोर पर धर्म रक्षक मंदिर जीणोद्धारक संत श्री श्री 108 पंडित दुर्गा प्रसाद कटारे बाबा के सानिध्य में चल रही शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा एवं श्री नर्मदेश्वर शिव महापुराण कथा के चतुर्थ दिवस कथा व्यास परम गौभक्त क्रांतिकारी राष्ट्रीय संत पंडित मोहितरामजी पाठक सीहोर बालों में व्यक्त किया आगे कथा में वर्णन करते हुए कहा दक्ष प्रजापति की सभी पुत्रियां गुणवती थीं। फिर भी दक्ष के मन में संतोष नहीं था। वे चाहते थे उनके घर में एक ऐसी पुत्री का जन्म हो, जो सर्व शक्ति-संपन्न हो एवं सर्वविजयिनी हो। अतः दक्ष एक ऐसी ही पुत्री के लिए तप करने लगे। तप करते-करते अधिक दिन बीत गए, तो भगवती आद्या ने प्रकट होकर कहा, 'मैं तुम्हारे तप से प्रसन्न हूं। तुम किस कारण तप कर रहे हो? दक्ष ने तप करने का कारण बताया तो मां बोली मैं स्वयं पुत्री रूप में तुम्हारे यहां जन्म धारण करूंगी। मेरा नाम होगा सती।

मैं सती के रूप में जन्म लेकर अपनी लीलाओं का विस्तार करूंगी। फलतः भगवती आद्या ने सती रूप में दक्ष के यहां जन्म लिया। सती दक्ष की सभी पुत्रियों में सबसे अलौकिक थीं। सती ने बाल्यावस्था में ही कई ऐसे अलौकिक आश्चर्य चकित करने वाले कार्य कर दिखाए थे, जिन्हें देखकर स्वयं दक्ष को भी विस्मयता होती रहती थी। जब सती विवाह योग्य हो गई, तो दक्ष को उनके लिए वर की चिंता होने लगी। उन्होंने ब्रह्मा जी से इस विषय में परामर्श किया।

ब्रह्मा जी ने कहा, सती आद्या की अवतार हैं। आद्या आदि शक्ति और शिव आदि पुरुष हैं। अतः सती के विवाह के लिए शिव ही योग्य और उचित वर हैं। दक्ष ने ब्रह्मा जी की बात मानकर सती का विवाह भगवान शिव के साथ कर दिया। सती कैलाश में जाकर भगवान शिव के साथ रहने लगीं। भगवान शिव के दक्ष के दामाद थे, किंतु किसी वजह से दक्ष के ह्रदय में भगवान शिव के प्रति बैर और विरोध भाव पैदा हो गया। यही उसके विनाश का कारण बना हम सबको शिव की शरण ग्रहण करना चाहिए आज पंचम दिवस भगवान गणेश का जन्म महोत्सव बढ़िया आनंद के साथ मनाया जाएगा आयोजन कर्ता वर्मा परिवार एवं समस्त ग्राम एवं क्षेत्रवासियों ने कथा एवं यज्ञ में पधारकर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया।

पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास हादसा, बरखेड़ा मामेरा लेकर जा रहा था यादव परिवार

# पचोर में ट्रक-पिकअप की भिड़ंत, 2 महिलाओं की मौत, 21 लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा/पचोर

राजगढ़ जिले के खुजनेर क्षेत्र से ममेरे में शामिल होने जा रहे एक ही परिवार के लोगों की पिकअप वाहन सोमवार रात पचोर के पास सड़क हादसे का शिकार हो गई। पचोर से पहले पॉलिटेक्निक कॉलेज के समीप एक अनियंत्रित ट्रक ने पिकअप को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 21 लोग घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, यादव परिवार के सदस्य खुजनेर के समीप मवासा गांव से ब्यावरा के बरखेड़ा गांव ममेरे में शामिल होने जा रहे थे। रात करीब 9:30 बजे पचोर पहुंचने से पहले यह हादसा हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप में सवार करीब 20 लोग और ट्रक चालक घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पचोर पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे तथा सभी घायलों को तत्काल पचोर सिविल अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद 16 गंभीर घायलों को जिला अस्पताल




शाजापुर रेफर किया गया, जबकि पिकअप चालक देवीसिंह यादव को सीने और पैर में फ्रैक्चर होने पर भोपाल भेजा गया है।

## इलाज के दौरान दो महिलाओं की मौत

जिला अस्पताल शाजापुर में उपचार के दौरान भगवती बाई पति चंद्र सिंह और अवंती बाई पति गोपाल निवासी मवासा, जिला राजगढ़ की मृत्यु हो गई। दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पचोर सिविल अस्पताल में डॉ. विजया गौतम, डॉ. इंसाफ अंसारी, डॉ. मनीष यादव, डॉ. राहुल सिसोदिया, डॉ. हरीश



विश्वकर्मा सहित चिकित्सा स्टाफ ने घायलों का तत्काल प्राथमिक उपचार शुरू किया। घटना की जानकारी मिलते ही सांसद रोड़मल नागर, एसडीएम रोहित बम्होरे, एसडीओपी अरविंद सिंह, तहसीलदार व थाना प्रभारी अस्पताल पहुंचे और घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की। हादसे के बाद ट्रक चालक को पुलिस अभिरक्षा में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



## पिकअप सवार हुए घायल

घायलों में कलाबाई पति होकमसिंह, लक्ष्मीनारायण यादव, होकमसिंह पिता गंगाराम, राजेश पिता मांगीलाल, कलाबाई पति देवनारायण, रामरतन पिता गोपाल (जिन्हें सीने में चोट लगी), कलाबाई पति गोपाल यादव, प्रेमसिंह यादव, नानकराम पिता नाथूलाल, भगवती पति प्रेमसिंह, देवसिंह पिता भावसिंह, सुरेश पिता मांगीलाल, कोमलबाई पति प्रभुलाल, अवंताबाई पति गोपाल, राधा पति नवीन यादव, योगेश पिता हेमराज यादव, मंजू पति अजयसिंह, पवन पिता प्रेमसिंह, भगवत पिता चंदरसिंह, धीरपसिंह पिता भंवरलाल, सोरमबाई पति गोपाल, प्रेमनारायण पिता रतनलाल और संजूबाई पति दिनेश यादव शामिल हैं।

# ट्रेन में हुई चोरी लेकिन जीआरपी ने राजगढ़ थाने भिजवा दी केस डायरी

बीना-नागदा ट्रेन में महिला के बैग से हुए 80 लाख के जेवरात चोरी का मामला

## फरियादी महिला बोली जीआरपी एडीजी से करूंगी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़



विगत दिनों बीना-नागदा (चगड़ा) ट्रेन से राजगढ़ आ रही महिला के बैग से करीब 80 लाख के आभूषण चोरी हुए थे। इस मामले में चोरों की तलाश करने के बजाय जीआरपी पुलिस की लापरवाही भी सामने आ रही है। दरअसल, फरियादी महिला के अनुसार यह चोरी चलती ट्रेन में मक्सी से शाजापुर के बीच हुई थी लेकिन जीआरपी ब्यावरा ने इस मामले में जीरो पर कायमी कर आगे की विवेचना के लिए केस राजगढ़ कोतवाली पुलिस को भेजा है। दूसरे शब्दों में कहें तो इतनी बड़ी चोरी के इस मामले में सूक्ष्मता से विवेचना करने के बजाय नियमों का हवाला देकर केस को एक थाने से दूसरे थाने में भेजा जा रहा है। या यूं कहें कि जीआरपी ब्यावरा पुलिस जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने में लगी हुई है।

### सीसीटीवी से हो सकती है बदमाशों की पहचान

महिला के अनुसार उज्जैन ट्रेन में बैठने के बाद मक्सी से दो युवक उनकी जनरल बोगी में चढ़े थे। उन्होंने ही संभवतः मक्सी से शाजापुर के बीच बैग काटकर इस चोरी को अंजाम दिया है। ऐसे में महिला के बयानों को गंभीरता से लेते हुए अगर ब्यावरा जीआरपी मक्सी और शाजापुर रेलवे स्टेशनों के सीसीटीवी खंगालने का प्रयास करे तो चोरों के बारे में मालूमात हो सकती है।

### ऐसे हुई थी यह चोरी


दो अज्ञात युवकों ने मक्सी और शाजापुर के बीच दिया वारदात को अंजाम
उज्जैन से राजगढ़ आ रही महिला के बैग से 80 लाख के जेवरात चोरी

फरियादी राजकुमारी पत्नी हुकम सुल्तानिया निवासी नालियाखाल उज्जैन अपनी बहन और बच्चों के साथ रविवार को बीना-नागदा ट्रेन से उज्जैन से ब्यावरा आने के लिए सवार हुई थीं। फरियादी महिला के अनुसार मक्सी से दो युवक उनकी जनरल बोगी में चढ़े थे। उन्होंने ही संभवतः मक्सी से शाजापुर के बीच बैग काटकर इस चोरी को अंजाम दिया है। फरियादी के अनुसार पुलिस गहराई से विवेचना कर मक्सी, शाजापुर स्टेशनों के सीसीटीवी खंगाले तो इन चोरों का पता लग सकता है।

### तो वरिष्ठ कार्यालयों में होगी शिकायत

उधर, फरियादी महिला का कहना है कि अगर जीआरपी ने इस मामले में उचित कार्रवाई नहीं की तो वे जीआरपी के उच्चाधिकारियों से पूरे मामले की शिकायत करेंगी। चोरों के बारे में मालूमात करने की बजाय केस को एक थाने से दूसरे थाने में भिजवाया जा रहा है।

### इनका कहना है...

जीआरपी के नियमानुसार जिस स्थान पर चोरी होने की बात मालूम होती है उसे ही घटनास्थल माना जाता है। फरियादी महिला के राजगढ़ स्थित घर में काफी समय तक बैग रखा रहा। वहीं, उन्हें चोरी की बात मालूम हुई इसलिए हमने केस जीरो पर कायम कर राजगढ़ कोतवाली भेजा है।

गोपाल कनासियॉ, थाना प्रभारी, जीआरपी, ब्यावरा

लीमा चौहान थाना पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

# बाल-विवाह कराने वाले माता-पिता और युवक पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

अपनी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री का जबरन विवाह कराने के मामले में लीमाचौहान थाना पुलिस ने संबंधित किशोरी के कथनों व दस्तावेजों के आधार पर उसकी मां, पिता और जिससे शादी करवाई गई उस युवक पर मामला दर्ज किया है। उल्लेखनीय है कि बाल-विवाह मामलों पर इस बार प्रशासन बेहद सख्त नजर आ रहा है। अब तक पांच मामलों में दोषियों पर बाल-विवाह प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमे दर्ज किए जा चुके हैं।



### क्या था पूरा मामला

16 साल की नाबालिग किशोरी ने किसी तरह थाने पहुंचकर कथन करवाए कि उसके पिता और माता ने 17 अप्रैल को चोरी छिपे उसकी शादी हराना गांव निवासी विक्रम मालवीय से कर दी। किशोरी की मर्जी के खिलाफ जबरदस्ती यह शादी करवाई गई। लीमाचौहान थाना पुलिस ने किशोरी के कथनों एवं आयु संबंधी दस्तावेजों के आधार पर माता, पिता और युवक पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 9, 10, 11 के तहत मुकदमा पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

# किसानों ने रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶नरसिंहगढ़

गेहूं खरीदी में व्याप्त अव्यवस्थाओं, भेदभाव और किसानों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ मंगलवार को नरसिंहगढ़ में जिला कांग्रेस कमेटी राजगढ़ के जिला सचिव एवं किसान नेता ज्ञान सिंह मीना के नेतृत्व में किसान न्याय यात्रा एवं ट्रैक्टर रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में क्षेत्र के सैकड़ों किसान अपने-अपने ट्रैक्टरों के साथ बड़ी संख्या में शामिल हुए और एकजुटता का परिचय दिया। यह रैली भंडारी वेयरहाउस से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई एसडीएम कार्यालय, नरसिंहगढ़ पहुंची। किसानों ने रैली के माध्यम से गेहूं खरीदी केंद्रों पर हो रही अनियमितताओं, पंजीयन की समस्याओं, सर्वर डाउन जैसी परेशानियों और प्रशासनिक उदासीनता के खिलाफ प्रदर्शन किया। रैली के बाद किसानों ने एसडीएम कार्यालय का घेराव करते हुए राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसमें प्रमुख रूप से गेहूं खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सुचारु बनाने, किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने तथा खरीदी केंद्रों पर व्याप्त भ्रष्टाचार और अव्यवस्थाओं पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई।

# आबकारी और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, 20 लाख से अधिक का महुआ लहान व शराब जब्त



**सारंगपुर।** जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण और परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सोमवार रात्रि में प्रशासन ने बड़ी सफलता हासिल की है। कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा और पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशों पर आबकारी और पुलिस विभाग ने संयुक्त दबिश देकर अवैध शराब माफियाओं पर नकेल कसी। जिला आबकारी अधिकारी रितेश कुमार लाल और एसडीओपी प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में आबकारी व पुलिस की संयुक्त टीम ने ब्यावरा वृत्त के कटारियाखेड़ी क्षेत्र में योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी की। इस कार्रवाई के दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 के तहत 10 आपराधिक प्रकरण दर्ज किए गए हैं। कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में अवैध मदिरा और कच्चा माल बरामद किया गया, जिसमें महुआ लहान 20,000 किलोग्राम मौके पर नष्ट किया गया। जबकि हाथ भट्टी मदिरा 120 लीटर, देशी मदिरा 63 लीटर कुल अनुमानित मूल्य लगभग 20,53,000 रुपये आंकी गई।

# केबीटी प्राइवेट आईटीआई में 11 विद्यार्थियों का चयन

**विदिशा।** केबीटी प्राइवेट आईटीआई में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। यह प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से देश की प्रतिष्ठित ऑटोमोबाइल कंपनी टाटा मोटर्स द्वारा संपन्न हुआ। चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा, तकनीकी मूल्यांकन और साक्षात्कार हुआ। 39 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 11 का चयन एसोसिएट ट्रेनी पद पर हुआ। महाविद्यालय संचालक आनंद शरण ने कहा कि संस्थान गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा के साथ बेहतर रोजगार अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। प्लेसमेंट प्रभारी देवेंद्र कुशवाह और धनराज अहिरवार ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दीं। मीडिया सेल प्रभारी राहुल विश्वकर्मा ने कंपनी प्रतिनिधियों का आभार जताया।

असफल भुगतानों की साप्ताहिक रिपोर्ट देने के निर्देश

# सरकारी स्कूलों में पुस्तकें व साइकिल वितरण सौ प्रतिशत हो: कलेक्टर गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने मंगलवार को समीक्षा बैठक में जिले के सभी शासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तक एवं साइकिल वितरण की प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि किसी भी विद्यालय में वितरण कार्य शेष नहीं रहना चाहिए।

जिला शिक्षा अधिकारी एवं डीपीसी को समयसीमा में शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में संबल योजना तथा कर्मकार मंडल (बीओसीडब्ल्यू) अंतर्गत लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि ये शासन की महत्वपूर्ण योजनाएं हैं, अतः सभी लंबित आवेदनों का त्वरित निराकरण कर हितग्राहियों को लाभ पहुंचाया जाए।

मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के अंतर्गत असफल भुगतानों की जानकारी लेते हुए उन्होंने त्रुटियों का शीघ्र सुधार कर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही जिन योजनाओं में डीबीटी के माध्यम से राशि हस्तांतरित की जाती है, उनमें असफल भुगतान की साप्ताहिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए।

## आधार बायोमेट्रिक अपडेट में विदिशा टॉप–5 जिलों में शामिल

**विदिशा।** आधार के जरूरी बायोमेट्रिक अपडेट कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विदिशा जिले की सराहना हुई है। जिले को विद्यार्थियों के लिए आधार अब विद्यालय के द्वार अभियान के तीसरे चरण 1 से 25 अप्रैल में प्रदेश के टॉप पांच जिलों में स्थान मिला है। निदेशक द्वारा प्रेषित प्रशंसा पत्र में कलेक्टर के नेतृत्व में जिला प्रशासन, विशेष रूप से स्कूल शिक्षा विभाग एवं डीईजीएस टीम के समन्वित प्रयासों को सराहा गया है। अभियान के तहत विद्यार्थियों के आधार बायोमेट्रिक अपडेट को गति देने के लिए विशेष शिविर आयोजित किए।

# मां जानकी जन्मोत्सव पर 'सीतायण' का विमोचन नारी शक्ति और प्रकृति संरक्षण का दिया गया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय महापरिषद की महिला विंग द्वारा मां जानकी का जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण लेखिका नीतेश रघुवंशी द्वारा रचित पुस्तक 'सीतायण' का विमोचन रहा।

इस कृति में मां सीता के जीवन आदर्शों को आधुनिक संदर्भ में प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया है। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वाली श्रीमती बबीता



सांकलखेड़ा एवं मुन्नी हिनोतिया को 'धरणीसुता' सम्मान से सम्मानित किया गया। उपस्थित जनसमूह को पर्यावरण बचाने का संकल्प भी दिलाया गया। मंच संचालन रजनी रघुवंशी ने किया। कार्यक्रम में बच्चों ने नारी शक्ति पर ओजस्वी कविताएं प्रस्तुत कीं, वहीं महिलाओं ने काव्य पाठ के माध्यम से अपने भाव व्यक्त किए। कवयित्री नीतेश रघुवंशी और रिंकी रघुवंशी ने स्वरचित गीत एवं मुक्तक सुनाकर वातावरण को भावविभोर कर दिया।

# प्रतिभा विकास संस्थान ने शिक्षा सेवा के संकल्पों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

पूरनपुरा एलबीएस नगर स्थित प्रतिभा विकास भवन में संस्थापक सचिव शिक्षाविद् कीर्तिशेष सीताराम गुप्त की प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम में पूर्व सहायक जिला शिक्षा अधिकारी पुष्कर राव पवार, भाजपा नेता श्यामसुंदर शर्मा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा मौजूद रहे।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने गुप्त जी के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए उन्हें समर्पित, कर्मठ और संकल्पशील शिक्षक बताया। पुष्कर राव पवार ने उनके साथ 50 वर्षों के सहयोग को स्मरण करते हुए शिक्षा क्षेत्र में किए गए योगदान को अनुकरणीय बताया। वक्ताओं ने कहा कि 1996 में स्थापित यह संस्थान आज भी निःशुल्क शिक्षा और संस्कार की परंपरा को आगे बढ़ा रहा है। इस




अवसर पर परिजनों एवं समाजसेवियों ने आर्थिक सहयोग की घोषणा की। कार्यक्रम में नागरिक, शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं गुप्ता परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

## मंगल भवन के लिए 5 लाख देंगे विधायक



**ग्यारसपुर।** हिम्मतपुर स्थित हनुमान जी महाराज मंदिर परिसर नागा साधु जी के सानिध्य में चल रहे 11 कुण्डीय रुद्र यज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन विधायक हरिसिंह रघुवंशी शामिल हुए। कथा मंच पर विधायक ने विधायक निधि से मंगल भवन के लिए 5 लाख रुपए देने की घोषणा की। आज भंडारे के साथ कथा का समापन होगा। इस दौरान ग्यारसपुर मंडल अध्यक्ष अजय गुर्जर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, ट्रॉफी और मेडल प्रदान किए गए

# प्रतिभा सम्मान समारोह: साकेत शिशुरंजन स्कूल ने किया राज्य व जिला मेरिट में स्थान पाने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान

विद्यालय से कक्षा 10वीं में 254 एवं कक्षा 12वीं में 234 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

सिविल लाइंस स्थित साकेत शिशु रंजन हायर सेकेंडरी स्कूल में सत्र 2025-26 के उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों के उपलक्ष्य में प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में राज्य एवं जिला स्तर की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, ट्रॉफी और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कक्षा 12वीं की छात्रा ऋतिका रघुवंशी ने राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में आठवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। वहीं सिद्धि लोधी ने जिला मेरिट सूची में दूसरा स्थान हासिल किया। कक्षा 10वीं में कनक मीना ने जिला मेरिट में दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि अनुज अहिरवार और नमन धाकड़ ने तीसरा स्थान प्राप्त कर



**विदिशा।** कार्यक्रम आयोजित कर मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।

सफलता का परचम लहराया। इसके अतिरिक्त 49 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी एस.पी. सिंह जाटव, संस्था अध्यक्ष अतुल शाह, उपाध्यक्ष प्रमोद व्यास, साकेत एमजीएम स्कूल के डायरेक्टर डॉ. कुशाग्र दीक्षित, प्राचार्य विभाष रंजन पाल एवं साकेत शिशु रंजन के प्राचार्य प्रकाश शर्मा उपस्थित रहे।

अतिथियों ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उज्ज्वल भविष्य की बधाई दीं। विद्यालय से कक्षा 10वीं में 254 एवं कक्षा 12वीं में 234 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। समारोह का संचालन ज्योति सिरभैया ने किया।

## गैस सिलेंडर में पानी निकलने की उपभोक्ता फोरम में की शिकायत

**ग्यारसपुर।** इंडेन गैस एजेंसी द्वारा ग्राम निवासी विनीता बाई कुशवाह को गैस की जगह पानी भरा सिलेंडर थमा दिया गया। परिजनों के अनुसार सिलेंडर से करीब 4 किलो गैस और 10 किलो पानी निकला, जिससे खाना बनाना असंभव हो गया। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार नया सिलेंडर भरवाने में असमर्थ है। विनीता के भाई रमेश कुशवाह ने बताया कि कई बार एजेंसी और अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। पिछले एक सप्ताह से परिवार लकड़ी जलाकर भोजन बनाने को मजबूर है, पीड़ितों ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 और उपभोक्ता फोरम में शिकायत दर्ज कराई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।

# क्विज प्रतियोगिता में विजेताओं को नगद पुरस्कार प्रदान किए




**विदिशा।** विजेताओं को पुरस्कार देते हुए अतिथि।

**विदिशा।** एसएटीआई के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के बीआईएस क्लब द्वारा मंगलवार को छात्र क्लब सदस्यों के लिए क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में बीआईएस क्लब की मेंटर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. कनक सक्सेना तथा बीआईएस समन्वयक डॉ. सुनील जोशी ने विजेताओं को प्रमाण-पत्र एवं नगद पुरस्कार प्रदान किए। प्रतियोगिता में प्रथम चार स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को एक हजार, 750 रुपए और 500 एवं 250 रुपए की पुरस्कार राशि दी गई। दिशा पांसे ने प्रथम, अंकित देहरिया ने द्वितीय, शुभांश्री गेडाम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुहू जैन को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. वाईके जैन ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों के विश्लेषणात्मक कौशल और मानकों के प्रति जागरूकता को बढ़ाती हैं। सचिव डॉ. लक्ष्मीकांत मरखेड़कर ने भी विजेताओं को बधाई दी।

## खबर संक्षेप

### विधायक कार्यालय में हुई जनसुनवाई

**आष्टा।** बुधवार को विधायक कार्यालय में हुई जनसुनवाई में ग्राम पंचायत चाचरसी के सरपंच प्रतिनिधि राहुलसिंह के नेतृत्व में ग्राम पंचायत के माधोपुर मोहल्ले में 30 से 40 परिवार निवास करते है। यहा बिधुत लाइन की आवश्यकता है। ग्रामीण जनों ने इस मजरे टोले में ट्रांसफार्मर लगवाया जाये ताकि सभी परिवारों को बिजली मिल सके। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने आज जनसुनवाई में आये अन्य कई ग्रामो के ग्रामीण जनों की वन टू वन मिल कर समस्याओं को सुना। स्मरण रहे प्रत्येक बुधवार को आष्टा विधायक अपने कार्यालय में सुबाह 10 बजे से जनता की समस्याओं को सुनने,उनेह हल करवाने के लिये जनसुनवाई करते है। बुधवार को प्रातः 10 बजे से कार्यालय में उपस्तिथ रह कर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने जनता की समस्याओं को सुना एवं उनकी समस्याओं को हल करने के सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर जो की हर बुधवार को अपने कार्यालय में जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत उपस्तिथ रहते है। आज भी बड़ी संख्या में क्षेत्र से नागरिक जनसुनवाई में पहुचे एवं अपनी अपनी पीड़ा से विधायक को अवगत कराया एवं आवेदन दिये। जनता से प्राप्त आवेदनों पर विधायक ने कहा की आपका जन सेवक होने के नाते आपकी समस्याओं को सुनना, हल करना मेरा धर्म है। आवेदनों को विभागों के अधिकारियों से चर्चा कर निराकरण करने के निर्देश दिए।

### उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

# किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, सभी आवश्यक इंतजाम करें: एसडीएम

केंद्रों पर पेयजल, छाया, बैठने की व्यवस्था तथा स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए, ताकि उपार्जन के लिए आने वाले किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर/खाचरोद



सीहोर जिले की तहसील जावर अंतर्गत रबी विपणन वर्ष में संचालित गेहूं उपार्जन कार्य का जायजा लेने के लिए अनुविभागीय अधिकारी एसडीएम आष्टा द्वारा विभिन्न उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने पटेल वेयरहाउस कान्या खेड़ी, पटेल वेयरहाउस ग्वाला एवं अंबिका वेयरहाउस ग्वाला पहुंचकर व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने उपार्जन कार्य को सुचारू एवं निर्बाध रूप से संचालित किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। केंद्रों पर तौल, गुणवत्ता परीक्षण, बारदान उपलब्धता तथा परिवहन व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को सतर्कता एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने विशेष रूप से आधारभूत सुविधाओं पर ध्यान देने को कहा। उन्होंने केंद्रों पर पेयजल, छाया, बैठने की व्यवस्था तथा स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए, ताकि उपार्जन के लिए आने वाले किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही उन्होंने समय पर भुगतान प्रक्रिया सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार जावर ओमप्रकाश चोरमा एवं नागरिक आपूर्ति निगम आष्टा के पीएल भाबर भी उपस्थित रहे। उन्होंने भी उपार्जन कार्य की प्रगति की जानकारी दी तथा व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव साझा किए। प्रशासन द्वारा किए जा रहे इस प्रकार के सतत निरीक्षण से उपार्जन कार्य में पारदर्शिता एवं गति बनाए रखने के साथ-साथ किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद मिल रही है।

### केंद्रों पर आर ही अच्छी आवक



खाचरोद। शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी केंद्र पर 15 अप्रैल से 29 अप्रैल तक सिद्धिगंज सेंटर मां बिजासन वेयरहाउस पर 16 हजार 500 कुंटल गेहूं की आवक रही। पगारिया हाट सेंटर मां नर्मदा वेयरहाउस पर 14 हजार 500 कुंटल गेहूं की आवक रही। वही खामखेड़ा सेंटर पलक वेयर हाउस पर 14 हजार कुंटल गेहूं की आवक रही। सभी केंद्रों पर किसानों ने बताया कि गेहूं तुलाई की अच्छी व्यवस्था की गई है, जिससे किसान संतुष्ट है। किसानों ने बताया कि सरवर डाउन होने के कारण बिल बनने देरी हो रही है। जिससे किसान परेशान है वही तीनों केदो के प्रभारी संतोष कुमार जैन, तुलसीराम बाड़ोलिया, राजकुमार शर्मा ने सभी किसानों से अपील की कि वह गेहूं साफ सुथरा व सुखाकर लाए।

# फल-सब्जी, लहसुन-प्याज व्यापारियों के भंडारण व तुलाई के लिए स्थान का निरीक्षण

### सुविधा को ध्यान में रखते हुए होगा निर्णय



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



कृषि उपज मंडी सचिव के निर्देशानुसार आज फल-सब्जी, लहसुन एवं प्याज मंडी से जुड़े व्यापारियों के भंडारण एवं तुलाई के लिए अस्थाई व्यवस्था हेतु स्थान का निरीक्षण किया गया। इस संबंध में मंडी प्रभारी अशोक माली ने फल-सब्जी, लहसुन-प्याज व्यापारी संघ अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा को जानकारी दी।निर्देशानुसार मंडी परिसर में उपलब्ध स्थानों का निरीक्षण व्यापारी संघ अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा, संघ सचिव साबिर राईन, अजीज भाई एवं नफीस भाई द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। निरीक्षण के दौरान व्यापारियों की आवश्यकताओं एवं किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई।व्यापारी संघ अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा ने बताया कि शीघ्र ही सभी व्यापारियों की बैठक आयोजित कर किसान एवं व्यापारी हित में निर्णय लिया जाएगा, ताकि भंडारण एवं तुलाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कर मंडी का संचालन सुचारू रूप से किया जा सके।इस पहल से किसानों को अपनी उपज बेचने में सुविधा मिलेगी, वहीं व्यापारियों को भी व्यवस्थित स्थान उपलब्ध होने से कार्य में आसानी होगी।

# लगातार पांच दिनों तक किया गया श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ, आज किया जाएगा भंडारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के कोलीपुरा स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर में हर साल की तरह इस साल भी नृसिंह जयंती आस्था और उत्साह के साथ मनाई जाएगी। इसके लिए कई सालों बाद श्री-श्री 1008 महामंडलेश्वर महंत रामभूषण दास महाराज के मार्गदर्शन में सैकड़ों की संख्या में साधु-संतों ने मंदिर परिसर में जारी पंच कुण्डात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के दर्शन किए है। वहीं गुरुवार को सुबह नृसिंह भगवान का पूजन, नित्य पूजन, हवन और पूर्णाहुति के पश्चात शाम को छह बजे से भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें करीब 25 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

दो दिवसीय नृसिंह कथा का आयोजन पंडित हर्षित शास्त्री के द्वारा किया गया था। इस मौके पर संत माधव दास महाराज, मुख्य यजमान श्रीमती नमिता अखिलेश राय सहित मंदिर परिसर में पहुंचे श्रद्धालुओं ने स्वागत सम्मान किया। बुधवार की सुबह संत माधव दास महाराज, मुख्य यजमान श्रीमती नमिता अखिलेश राय, यज्ञाचार्य पंडित कुणाल व्यास, सन्नी सरदार सहित अन्य ने यहां पर भगवान का दूध और दही से यज्ञ किया। इस मौके पर संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि यज्ञ भारतीय संस्कृति में जीवन जीने की एक पद्धति है, जो शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक और पर्यावरणीय शुद्धि लाती है। यह वातावरण को कीटाणुरहित करने के साथ-साथ मानसिक शांति, रोगमुक्ति, और आत्मिक प्रगति प्रदान करता है।

यज्ञ से दुराचारों का नाश होता है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, जिससे आत्मिक सुख व सात्विकता बढ़ती है। यज्ञ की अग्नि में स्वाहा करने का भाव हमारे अहंकार और कुविचारों को भस्म करता है, जिससे त्याग और सेवा की भावना विकसित होती है। सनातन धर्म में विभिन्न अवसरों पर यज्ञ किया जाता है जैसे बच्चे के जन्म पर, त्योहारों पर, गृह प्रवेश के समय या किसी शुभ कार्य के दौरान। ऐसा माना जाता है कि यज्ञ करने से भगवान का आशीर्वाद मिलता है और व्यक्ति के कार्यों में कोई बाधा नहीं आती है। साथ ही यह घर की सुख-समृद्धि के लिए आवश्यक होते हैं।

# मेधावी विद्यार्थियों का विधायक ने किया सम्मान


हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




नगर के सांदीपनि शासकीय उमावि आष्टा में दिनांक 29 अप्रैल को माध्यमिक षिक्षा मंडल म.प्र. भोपाल द्वारा आयोजित हाई स्कूल हायर सेकेण्डरी परीक्षा 2026 के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीपप्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रतिभाशाली विद्यार्थी सम्मान समारोह कार्यक्रम में विधायक गोपाल सिंइ इंजीनियर, न.पा. अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, महिला सशक्तिकरण प्रभारी मोना राजेश मेवाड़ा, सौरभ जैन शीतल, वरिष्ठ पत्रकार सुशील संचेती, प्रवेश शर्मा आदि की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया। प्राचार्य सितवत खान द्वारा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर एवं अन्य जनप्रतिनिधियों का पुष्पमाला से स्वागत सम्मान किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना प्राचार्य सितवत खान, षिक्षक असमा खानम, अंत्येष धारवां, रघुवीर सिंह, राखी पोहाने, गौतम चौरसिया, जितेन्द्र धनवाल, धर्मेन्द्र मेवाड़ा, पदमा परमार, जितेन्द्र मेवाड़े, पवन राया, निहायत मंसूरी, मोनिका जैन, नेहा अंसारी, मनोज कर्मोदिया, मो. इमरान, अभिलाषा श्रीवादी, वीरेन्द्र सिंह, राम सिंह, डॉ. स्मिता नायर, हरिनारायण सिंह, पवित्रा कुराड़ियि, आराधना चन्द्रवंषी, प्रकाष यादव, रवि सोलंकी, शैलेन्द्र मालवीय, सीमा बघेल, अंतिमबाला हटिला, लक्ष्मी परमार, आषा रावत, राजेन्द्र मौर्य, पल्लवी वर्मा, सपना मेवाड़ा, पूजा असाड़े, कृतिका वर्मा, नीतू चौरसिया, रामेष्वर दामड़यि, विजय हाटेकर, निर्मलदास बैरागी, जितेन्द्र वर्मा, हेमंत मेवाड़ा, दिनेष गहरवाल, सतीष वर्मा, धीरज शर्मा, राजेष मालवीय, राजीव सारसिया, मनोज बड़ोदिया, संतोष कुमार, गौरीषंकर मालवीय, वंदना सोलंकी, रवि मालवीय, सुनिल देलमिया, नीरज सिंह ठाकुर, प्रेमसिंह, विजय मंगल बगाना, निकिता शर्मा, डी.एस. मांडवा, श्वेता पांडेय, रफत जहां, किष्वर जहां, विजय अडगले, कमलेष वर्मा, मुकुंद सिंह बरोड़यि, कुमेर सिंह ठाकुर, संध्या पटेल, दीप्ति तोमर, डी.एस. मांडवा, महेन्द्र सिंह मालवीय, एस.के. सिंगरिया, राजेष राठौर आदि ने बधाई दी।

# नन्हें वैज्ञानिकों की बड़ी उड़ान: इसरो व श्रीहरिकोटा किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सतवास



श्री सत्य साईं स्कूल, सतवास के लिए यह अत्यंत गौरव का विषय है कि विद्यालय के चार प्रतिभाशाली विद्यार्थियों—आर्यांश सोलंकी, स्पर्श शर्मा, गौरी जारवाल एवं सिमरन गुर्जर—ने अपने शिक्षक अमित कुंडल के मार्गदर्शन में 18वीं विज्ञान मंथन यात्रा 2025-26 में उत्कृष्ट सहभागिता कर शानदार प्रदर्शन किया। यह शैक्षणिक यात्रा मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (MPCST), भोपाल द्वारा मध्य प्रदेश शासन के संरक्षण में आयोजित की गई।

जिसमें चयनित विद्यार्थियों को देश के प्रमुख वैज्ञानिक संस्थानों का भ्रमण कराया गया।यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, श्रीहरिकोटा का भ्रमण किया, जहां उन्होंने लॉन्च पैड, रॉकेट प्रक्षेपण प्रक्रिया एवं मिशन कंट्रोल सिस्टम को नजदीक से समझा।साथ ही इंडियन डीप स्पेस नेटवर्क की 32 मीटर एंटीना सुविधा ने अंतरिक्ष संचार की तकनीकों को सरल रूप में समझाया।

इसके अलावा विद्यार्थियों ने बिरला तारामंडल (चेन्नई) तथा भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो), बेंगलुरु का भ्रमण कर खगोल विज्ञान, उपग्रह तकनीक और अंतरिक्ष अनुसंधान की बारीकियों को जाना।

संस्था के आशीष कुंडल ने बताया कि देवास जिले से इसरो एवं श्रीहरिकोटा भ्रमण करने वाले दल में उनके विद्यालय के विद्यार्थियों का चयन होना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।समापन समारोह में डॉ. शिवकुमार शर्मा के कर-कमलों से विद्यार्थियों एवं शिक्षक को सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इस दौरान डॉ. अनिल कोठारी सहित कई वरिष्ठ वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का सफल समन्वयन नीता श्रीवास्तव मैडम द्वारा किया गया, जबकि प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के मार्गदर्शन में यह आयोजन संपन्न हुआ।

# जिला अभिभाषक संघ चुनाव समिति का किया गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिला अभिभाषक संघ के आगामी चुनावों को लेकर मंगलवार को संघ के सभा कक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। मुख्य चुनाव अधिकारी राजेन्द्र बापट ने सर्वप्रथम अपनी चुनाव समिति के सदस्यों की घोषणा की। इस अवसर पर संघ के वरिष्ठ अधिवक्ताओं द्वारा नवगठित चुनाव समिति के सदस्यों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया।

समिति में वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित अधिवक्ता रघुवीर यार्दी, एम.एम. मोदी, आनंद अधिकारी, राम कुमार श्रीवास्तव, भगवानसिंह गुर्जर, शेरसिंह पटेल, शैलेन्द्र सिंह कुशवाह, माहेनूर कुरैशी, शालू ठाकुर, उषा बिसेन, चाँदनी सिंह एवं गुड्डू सिलोरिया को शामिल किया गया है। बैठक के दौरान कई सम्माननीय अधिवक्ताओं ने चुनाव प्रक्रिया को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। सभी ने मुख्य चुनाव अधिकारी बापट एवं उनकी टीम द्वारा लगातार सफलतापूर्वक चुनाव संपन्न कराने के लिए आभार जताया और इस बार भी निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव कराने की अपेक्षा व्यक्त की।

### आरआरआर सेंटर का निगम आयुक्त ने किया शुभारंभ, चार बिन प्रणाली पर दिया जोर

# स्वच्छता एवं जल संचय की अभिभावकों को दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




सोमवार को नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार ने इनोवेटिव पब्लिक स्कूल में संचालक एवं पूरे स्टाफ की उपस्थिति में फीता काटकर आरआरआर सेंटर का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयुक्त ने उपस्थितजनों को आरआरआर के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस सेंटर में नागरिक अपने स्तर पर गरीबजनों के हित के लिए तथा स्कूल के बच्चों के उपयोग की वस्तुएं दान कर सकते हैं। जरूरतमंद लोग अपने उपयोग की वस्तुएं इस आरआरआर सेंटर से ले सकते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों एवं कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों से सहयोग की अपील की। इस दौरान स्कूल संचालक सैयद मकसूद अली द्वारा आयुक्त के कर कमलों से छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्रों का वितरण कराया गया।

### चार बिन प्रणाली के प्रति किया जागरूक

ओम साईं विजन आईईसी टीम द्वारा वार्ड क्रमांक 7 स्थित इनोवेटिव पब्लिक स्कूल में शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को चार बिन प्रणाली के माध्यम से कचरे के वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित पृथक्कीकरण के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान गीला, सूखा, सेनेटरी एवं अन्य कचरा को अलग-अलग रखने के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया गया तथा कचरा गाड़ी में गीला-सूखा कचरा पृथक-पृथक देने हेतु प्रेरित किया गया। सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध के संबंध में जानकारी दी गई एवं इसके स्थान पर कपड़े या कागज के थैले जैसे वैकल्पिक साधनों का उपयोग करने की समझाइश दी गई। इसी के साथ स्वच्छता एवं जल संचय को लेकर अभिभावकों को शपथ भी दिलाई गई।

### जल संरक्षण हेतु किया जागरूक

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पानी के सदुपयोग एवं उसके महत्व के बारे में टीम लीडर अरुण तोमर विशाल जोशी ने सभी को अवगत कराया गया। जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया तथा स्वच्छता को दैनिक जीवन में अपनाने एवं अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का प्रयास किया गया। इस कार्यक्रम में निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया, नोडल अधिकारी सौरभ त्रिपाठी, ओम साईं विजन आईईसी टीम, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर सैयद मकसूद अली, महेश सोनी, मिर्जा मुशाहीद बेग, विद्यालय प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

# भौरासा में गांव गैर माता पूजन को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



नगर में आज आयोजित होने वाले गांव गैर माता पूजन को लेकर उत्साह चरम पर पहुंच गया है। इसी क्रम में मंगलवार को यादव समाज सहित विभिन्न समाजों की महिला मंडलों द्वारा शक्ति माता मंदिर प्रांगण से भव्य कलश यात्रा निकाली गई।कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई एमजी रोड पहुंची और वहां से गोया स्थित शीतला माता मंदिर तथा खेड़े पर स्थित शीतला माता मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भाग लिया और माता को जल अर्पित किया। पूरे मार्ग में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा। नगर पटेल द्वारा पूजा-अर्चना के बाद आम नागरिक भी पूजन करेंगे। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए प्रशासन अलर्ट मोड पर है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है, ताकि आयोजन शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके।